हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 12 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

11 विद्यार्थियों ने माताओं के लिए किया घरेलू कार्यों में...



12 'हमारा प्यार हिसार' का पेंटिंग अभियान भारत के वीर...



## खबर संक्षेप

### मदर्स डे पर बेटे ने मां को दांत से काटा

**हांसी।** मदर्स डे के दिन जगदीश कालोनी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक ओर पूरा देश रविवार को मातृ दिवस पर मां के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट कर रहा था, वहीं जगदीश कॉलोनी में एक युवक ने उसकी पत्नी के साथ हुई मामुली सी कहासुनी के बाद अपनी मां को दांत से काट लिया और पिता के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल दंपति को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान घायल दंपती ने बताया कि उनका एक ही बेटा है, और वह अपनी पत्नी के साथ घर में ऊपरी मंजिल पर हमसे अलग रहता है। महिला ने बताया कि रविवार सुबह उनके घर में पड़ोस की एक बच्ची प्रसाद देने के लिए आई थी तो मेरे पति ने उस बच्ची से घर आने कारण पूछ लिया। इसी बात से नाराज होकर उनकी बहू ने बेटे को फोन कर मंडी से घर बुलाया और उससे कहा कि तुम्हारे माता-पिता ने मेरे साथ मारपीट की है। इस पर गुस्से में आकर बेटे ने बिना पूछे अपने की पिता जी को थप्पड़ मारा और जब मैं उन्हें छुड़वाने लगी तो मेरे हाथों पर दांतों से काट कर घायल कर दिया।

### टास्क पूरा करने के नाम पर 1.48 लाख की चपत

**हांसी।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर रुपए कमाने का झांसा देकर एक किसान को 1 लाख 48 हजार 480 रुपए की चपत लगा दी। साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में डाटा निवासी जोगिंद्र सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाडी करता है। जोगिंद्र ने बताया कि 10 मार्च को उसके व्हाट्सअप पर पार्ट टाईम जॉब करके रुपए कमाने का मैसेज आया। उसके बाद 12 मार्च को मुझे टास्क दिया जिसमे मुझे कहा कि आपको इस टास्क के 7000 हजार रुपये ट्रांसफर करने है जिस पर मुझे एक यूपीआईडी दी और मैने इस यूपीआईडी पर 7000 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

### आकाश उर्फ बच्ची हत्या मामले में एक और काबू

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने आकाश उर्फ बच्ची हत्या मामले में एक और आरोपी इंद्रा नगर निवासी रमन को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन ने बताया कि उक्त आरोपी रमन ने अपने साथियों सहित पुराने झगड़े की रंजिश में आकाश उर्फ बच्ची पर हमला कर उस पर छुरी से वार किया और गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी रमन से वारदात में प्रयुक्त छुरी बरामद की है। पुलिस द्वारा इस मामले में पहले चार आरोपियों मुकेश उर्फ मुक्की, जितेन्द्र उर्फ जीतू, दिनेश और करण को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में मृतक आकाश उर्फ बच्ची की मां की शिकायत पर 17 अप्रैल केस दर्ज किया गया था।

अचानक मौसम का मिजाज बदलने से कहीं राहत तो कहीं आफत

# तेज आंधी के साथ आई फुहारों ने मौसम किया खुशगवार, अनेक स्थानों पर पेड़ गिरे, देर रात तक बाधित रही बिजली सप्लाई से लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले में रविवार सायं मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज आंधी के साथ आई हल्की फुहारों ने मौसम को खुशगवार बना दिया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। इसी के साथ तेज आंधी की वजह से अनेक स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिसकी वजह से देर रात तक बिजली सप्लाई बाधित रही। अचानक बदले मौसम की वजह से जिले के अनेक क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विशेषज्ञों ने मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना पहले ही जता दी थी। बदलते मौसम के चलते पहले ते आंधी आई, जिसकी वजह से कई जगहों पर पेड़ सड़कों व अन्य स्थानों पर गिर गई। इसकी वजह से बिजली सप्लाई भी बाधित हुई। पिछले दो तीन दिनों से मौसम परिवर्तनशील चल रहा है। उकलाना, बरवाला व आदमपुर क्षेत्र में दो दिनों से बूंदाबांदी हो रही है।

### पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से मई महीने की शुरुआत से मौसम की आंख-मिचौली जारी

**पहला पखवाड़ा रहेगा ठंडा, फिर बढ़ेगा तापमान : डॉ. चन्द्रमोहन**

राजकीय महाविद्यालय नारनौल के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रमोहन का कहना है कि हरियाणा एनसीआर, दिल्ली में मई का महीना ठंडा बना हुआ है। एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से मई महीने की शुरुआत से ही लगातार दोपहर बाद मौसम में बदलाव बादलों की आवाजाही और तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों से लगातार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। इसी वजह से पूरे इलाके में लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस साल मई महीने में झुलसाने वाली गर्मी और हीट वेब लूं के तेवरों को पश्चिमी मौसम प्रणालियों की श्रृंखला ने ढीले कर दिया साथ ही साथ बढ़ते हुए तापमान पर अंकुश लगा रखा है। वर्तमान परिदृश्य में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तर पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है, जो उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय हो जाएंगा जिसकी वजह से दक्षिणी पंजाब और उत्तरी राजस्थान पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पहले हरियाणा के पश्चिमी जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और दक्षिणी हिस्सों में साथ ही साथ उत्तरी हिस्सों में तेज गति से हवाएं चलने, अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी, एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता। शेष हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की बिखराव वाली बारिश बूंदाबांदी और तेज गति से हवाएं चलने की संभावना बन रही है।



**हिसार।** तेज आंधी की वजह से विभिन्न क्षेत्रों में गिरे पेड़। *फोटो : हरिभूमि*

### किसानों को बरसात का इंतजार

इस समय गेहूं कटाई व कढ़ाई का सीजन लगभग पूरा हो चुका है। नहरों में पानी कम चल रहा है या कई क्षेत्रों में पानी आ भी नहीं रहा। ऐसे में किसानों को बरसात की बेसब्री से इंतजार है ताकि वे अपनी आगामी फसल की बुआई कर सके। अब यदि बरसात तेज आती है तो यह सोने पर सुहागा होगा।

### बरसात के लिए बिल्कुल उपयुक्त समय

किसानों का कहना है यह समय बरसात के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। आमतौर पर जब किसान बरसात का इंतजार करते हैं लेकिन उनके इंतजार करने पर बरसात नहीं आती। किसानों के अनुसार इस बार बरसात बिल्कुल मौके पर आ रही है और इससे न केवल वे आगामी फसल की बुआई कर सकेंगे बल्कि नलकूपों से सिंचाई करके होने वाले आर्थिक नुकसान से भी बच सकेंगे।

### देर रात रहा बदला हुआ मौसम

रविवार दोपहर बाद से ही मौसम में हलका बदलाव देखा जा रहा था और शाम होते होते मौसम से रंग बदल लिया। अनेक क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बरसात हुई जिसने किसानों के चेहरे खिला दिए।


जमीन से अतिक्रमण हटाने की शिकायत रक्षा मंत्रालय को भेजी गई

# अधिकारी बेखबर: रक्षा मंत्रालय की जमीन पर वर्षों से चल रही मंडी

निगम को कब्जे हटाने की शिकायत दी तो हुआ जमीन का खुलासा

राजेश्वर बैनीवाल ⏭ हिसार

शहर में रक्षा मंत्रालय की जमीन पर वर्षों तक सब्जी मंडी चलाने व करोड़ों की आमदनी के साथ-साथ अतिक्रमण करवाने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ, जब नगर निगम को पुरानी सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटवाने बारे शिकायत दी गई। शिकायत के बाद निगम ने ही बताया कि यह रक्षा मंत्रालय की जमीन है, इसलिए हम इस पर कार्रवाई नहीं कर सकते। जी हां, शहर के एक नागरिक द्वारा की गई शिकायत व इसके बाद लगाई गई आरटीआई से यह खुलासा हुआ कि किस तरह रक्षा मंत्रालय की जमीन पर अवैध रूप से सब्जी मंडी चलाई गई। सब्जी मंडी की आड़ में वर्षों तक लाखों करोड़ों की सरकारी व गैर सरकारी आमदनी की गई। अब इस मंडी से अतिक्रमण हटाने से यह कहते हुए



**हिसार।** जमीन की फर्द, जिसमें पुरानी सब्जी मंडी की जमीन दर्शाई गई है व उपायुक्त का पत्र, जिसमें जमीन का इंतकाल रक्षा मंत्रालय के नाम स्वीकृत करने के आदेश दिए गए हैं।

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

पुरानी सब्जी मंडी वाली जमीन किसकी है, यह किसी को पता नहीं था। आमतौर पर यही माना जा रहा था कि यह जमीन नगर निगम की या मार्केटिंग बोर्ड की हो सकती है लेकिन मामला कुछ और ही निकला।

### शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

पहले तो अवैध कब्जे हटाने बारे की गई शिकायत पर कार्रवाई ही नहीं हुई। बाद में जब आरटीआई लगाकर कारण जानने का प्रयास किया गया तो जवाब मिला कि इस जमीन से नगर निगम अवैध कब्जे नहीं हटा सकता क्योंकि यह जमीन रक्षा मंत्रालय की है।

### प्रदेश सरकार के नाम इंतकाल का प्रयास

खास बात यह भी है कि इस जमीन के इंतकाल को रक्षा विभाग से प्रदेश सरकार के नाम करने का प्रयास भी एक बार किया गया। जब इस बारे शिकायतें होने लगी तो भूमि का इंतकाल वापिश रक्षा विभाग के नाम रखने पर मजबूर होना पड़ा।

### विभाग को भेजी शिकायत

शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने आरटीआई से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संपदा अधिकारी रक्षा विभाग भटिंडा व दिल्ली को पत्र भेजा है कि रक्षा भूमि अपने नियंत्रण में लेकर अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटवाए। शिकायत में मांग की गई कि नगर निगम के उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए(

### रक्षा मंत्रालय को भेजी शिकायत

नगर निगम के इस खुलासे के बाद आरटीआई लगाने वाले कार्यकर्ता ने रक्षा मंत्रालय को इस मामले की शिकायत भेजी है। रक्षा मंत्रालय को भेजी शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता अनिल कुमार ने मांग की गई कि विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए।

### निगम ने नहीं किया पत्राचार

खास बात यह है कि वर्षों तक इस जमीन पर सब्जी मंडी चलने के बावजूद नगर निगम या मार्केटिंग बोर्ड ने रक्षा मंत्रालय से कोई पत्राचार तक नहीं किया कि उसकी जमीन का क्या उपयोग किया जा रहा है।

### 9 एकड़ से ज्यादा है जमीन

वास्तव में जिस जगह पर पुरानी सब्जी मंडी चलाई गई, वह जमीन 9 एकड़ से ज्यादा है। ऐसे में किसी भी विभाग का मन नहीं करता कि इस जमीन को छोड़ा जाए। जानकारों के अनुसार इस जमीन की कीमत अरबों रुपये हैं, जिस पर वर्षों तक मंडी चलाकर सरकारी व गैर सरकारी कमाई की गई।

### मंडी शिफ्ट हुई, काम जारी

कुछ वर्ष पहले हिसार की पुरानी सब्जी मंडी को नई सब्जी मंडी में शिफ्ट तो कर दिया गया लेकिन पुरानी सब्जी मंडी में कारोबार ज्यों का त्यों जारी है। ऐसे में यहां अवैध कब्जे, रोड जाम की समस्याए रोजाना बनीं रहती हैं।



**बरवाला।** जनसेनार्थ ट्रस्ट की मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यगण।

# ट्रस्ट का लक्ष्य 5000 यूनिट रक्त एकत्रित करना : दीपक

- बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट की अहम बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट की अहम बैठक प्रधान दीपक मंगला की अध्यक्षता में ट्रस्ट परिसर में हुई। इस मीटिंग के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। प्रधान दीपक मंगला ने अपने संबोधन में रक्तदान समिति का कार्य बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि समिति ने 500 यूनिट रक्त एकत्रित करने के लक्ष्य से शुरू करते हुए 5000 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य पाना है और आसपास किसी को भी कभी भी रक्त संबंधी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। रक्तदान की सेवा के लिए ट्रस्ट शुरू से ही कार्य कर रही है और जब भी किसी को आवश्यकता पड़ती है तो ट्रस्ट तुरंत प्रभाव से उसको रक्त उपलब्ध करवा देती है। प्रधान दीपक मंगला ने कहा कि देश हित के लिए ट्रस्ट अपने प्रत्येक संसाधन व प्रत्येक व्यक्ति के माध्यम से तन मन धन से प्रशासन व समाज की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेगी। यह प्रस्ताव मौजूदा देश के हालात व सैन्य गतिविधियों के संबंध में पूर्ण सहमति से पास किया गया। प्रधान दीपक मंगला ने कहा कि समाज के सहयोग से बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट की महिला क्लिनिक,सामान्य चिकित्सा एवं फिजियोथैरेपी की सुविधाएं बहुत ही बढ़िया ढंग से चल रहे हैं और समाज के काफी लोग इसका सम्पूर्ण लाभ उठा रहे हैं।

### बेहतर सेवा वा विचार

बैठक में आए सुझाव अनुसार कुछ जिम्मेवारियां निश्चित की गई जिससे कि ट्रस्ट किए जा रहे सेवा कार्यों को और बेहतर बना सके और आगे प्रकल्प बढ़ा सके। इस अवसर पर ट्रस्ट के लगभग सभी पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

# रविवार को भी कचरा प्वाइंटों की होगी सफाई

- शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

### *अब नियमित होगी सफाई: मेयर*

*नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली का कहना है कि कर्मचारियों की छुट्टी होने के कारण रविवार को सफाई और कचरे का उठान नहीं होता था। इस कारण शहर के कचरा प्वाइंटों पर डाला गया कचरा इधर-उधर फैल जाता था जिससे दुर्गंध आती थी और आने जाने वालों को परेशानी होती थी। इसलिए हर रोज की तरह रविवार को कचरा प्वाइंटों से कचरा का उठान और सफाई की जाएगी।*

नगर निगम द्वारा हर रोज की तरह शहर के सभी कचरा प्वाइंटों की रविवार को भी सफाई व कचरे का उठान किया जाएगा। सीएसआई राजकुमार ने बताया कि मेयर प्रवीण पोपली एवं निगम आयुक्त नीरज के आदेश अनुसार और संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल के निर्देश पर यह कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले रविवार के दिन सफाई का कार्य नहीं करवाया जाता था लेकिन उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को शहर के सभी कचरा प्वाइंटों से सफाई एवं कचरा का उठान किया जाएगा। इसके चलते रविवार को रेड स्क्वेयर मार्केट, राजगुरु मार्केट, सेक्टर 14, पुरानी ऑटो मार्केट, नई ऑटो मार्केट, नागोरी गेट के साथ-साथ अन्य कचरा प्वाइंटों की सफाई की गई और कचरे का उठान किया गया। सीएसआई राजकुमार ने बताया कि अगले आदेशों तक यह कार्य निरंतर करवाया जाएगा।



**हिसार।** शहर में फैली गंदगी।

# गल्ले से रुपये निकालता सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुराना बस स्टैंड स्थित एक किरयाना की दुकान पर खरीददारी करने आए युवक द्वारा दुकानदार को सामान देने के बहाने से व्यस्त कर गल्ले से रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। लेकिन दुकानदार की सामान निकालने के बाद जब गल्ले पर नजर पड़ी तो वह खुला नजर आया और जब उसने गल्ले में रखी नगदी चैक की तो वह गायब मिली। मामले की जानकारी देते गोयल आयल मिल व किरयाना स्टोर के मालिक विजय कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर को एक युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर उनकी दुकान पर सामान लेने के लिए आया। सरसों के तेल का भाव पुछा और दो किलो बेसन देने के लिए कहा। और जब उसका बड़ा भाई बेसन लेने के लिए दुकान के अंदर तो वह काउंटर के पास रखे कुलर की हवा खाने के बहाने उसके सामने खड़ा हो गया और गल्ले को खोल उसमें दोपहर तक की सेल के रुपए निकाल कर अपनी जेब में रख लिए। और जब दुकान के अंदर से बेसन लेकर उसका भाई काउंटर पर आया तो उसने गल्ले को खुला देखा और जब उसने गल्ले में रखे रुपए चैक किए तो वह गायब मिले। मामला सीसीटीवी में कैद हो गया।

### पकड़ में ऐसे आया मामला

विजय ने बताया कि इस दौरान युवक के फोन पर लगातार घंटी बज रही थी लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था जिसपर उसने जबरदस्ती फोन छीन कर फोन उठाया तो वह लाल सड़क स्थित एक किरयाना स्टोर से भी सामान खरीदने के बहाने से उसका फोन चुराकर लाया था। जिसके बाद उस दुकानदार ने मौके पर पहुंच अपना फोन पहचान लिया।

# प्रेमी युगल की सुरक्षा के लिए हांसी पुलिस ने स्थापित किया हेल्प डेस्क

- हाईकोर्ट के आदेशानुसार प्रेमी युगल को हांसी पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है हाईकोर्ट के आदेशानुसार प्रेमी युगल को हांसी पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाएगी। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेमी युगल के हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हैल्प डेस्क पर प्रेमी युगल सुरक्षा के लिए पुलिस के पास आवेदन कर सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रेमी युगलों की सुरक्षा के लिए हांसी पुलिस के कंट्रोल रूम में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसका नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी को लगाया गया है। जिस भी प्रेमी युगल को पुलिस सुरक्षा की जरूरत हो वह सुरक्षा के लिए पुलिस के पास आवेदन कर सकते है। उन्हें तय समय सीमा में सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी और वे अपने नजदीकी थाने में भी सुरक्षा के लिए आवेदन कर सकते है। उसके लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक पुलिस कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। प्रेमी युगल द्वारा सुरक्षा के लिए किए गए आवेदन पर बिना किसी देरी के तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में प्रेमी युगल डायल 112 पर भी कॉल कर सकते है।



पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।


साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर पोस्ट डालकर कमाने का दिया लालच

# मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों ठगे

- बढ़ते साबर अपराध पर नहीं लग रही लगाम, आए दिन लोगों को बनाया जा रहा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

साइबर ठगों द्वारा ग्रुप डी कर्मचारी को मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर चार लाख रुपए की साइबर ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर ठगों ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाल कर कर्मचारी को घर बैठे रुपए कमाने का लालच देकर झांसे में लिया। उसके द्वारा शुरू में लगाए गए रुपयों पर अच्छा खासा मुनाफा देकर उसको झांसे में ले लिया। उसके बाद उसने और ज्यादा के लालच में चार लाख रुपए निवेश कर दिए। पुलिस को दी शिकायत में कागसर निवासी योगेश ने कहा है कि वह हिसार जिले के गांव कागसर का रहने वाला है और ग्रुप डी में कार्यरत है। वह काफी दिनों से टेलीग्राम ऐप चलाता था, जिस पर बार-बार पार्ट टाइम जॉब और घर बैठे रुपए कमाने का मैसेज आता रहता था। योगेश ने बताया कि काफी दिन इग्नोर करने के बाद आखिरकार उसने 25 मार्च को एक टेलीग्राम ग्रुप को ज्वाइन कर लिया। ग्रुप ज्वाइन करने के बाद मुझे एक हजार रुपए बोनस के तौर पर मिले जिससे उसका विश्वास और मजबूत हो गया। उसके बाद उसने थोड़े रुपए इंवेस्ट किए तो उसे काफी मुनाफा दिया गया।



### साइबर ठगों ने ऐसे दिया वारदात को अंजाम

इसके बाद मैंने ग्रुप में बताए गए अकाउंट में थोड़े-थोड़े करके रुपए डालने शुरु किए, जिस पर उसे ओर मुनाफा हुआ। योगेश ने बताया कि उसके बाद धीरे-धीरे उसका विश्वास और मजबूत होता गया। योगेश का कहना है कि ग्रुप में लगातार लाखों रुपए डालकर भारी मुनाफा कमाने के मैसेज डाले जा रहे थे। जिससे वह भी उनके झांसे में आ गया और 18 अप्रैल को उसने अपने खाते से ग्रुप में बताए गए खाते में दो बार में चार लाख रुपए डाल दिए। चार लाख रुपए डालने के बाद उसे ना तो मुनाफा और ना उसके द्वारा डाले गए चार लाख रुपए वापस मिले। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है। योगेश ने बताया कि उसके बाद उसने 20 अप्रैल को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवा दी और उसके बाद 10 मई को लिखित में साइबर थाना हांसी में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। योगेश का कहना है कि उसने यह रुपए अपने भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बचा कर रखे हुए थे लेकिन शार्ट कट में ज्यादा रुपए कमाने के लालच में अपनी जमा पूंजी ओर गंवा दी।

# साहित्य

*संबंध कोई भी हो लेकिन यदि दुख में साथ न दे अपना*
*तो सुख में उन संबंधों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं।*
*मन कटुवाणी से आहत हो, भीतर तक छलनी हो जाए*
*फिर बाद कहे प्रिय वचनों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं।*
**- रामधारी सिंह 'दिनकर'**



**समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।**



# मुझे मां नहीं बनना



कहानी

प्रतिभा सुमन शर्मा

तुम फिर वापस आ गयीं? पर क्यों? क्या परेशानी थी? जुमा- जुमा चार ही साल हुए हैं शादी को और चार सालों में तुम पांच बार वापस आ गयी हो, पता है तुम्हें ? मैं इकलौती औरत क्या-क्या संभालूं ? तुम्हारे बाप को तो होश नहीं रहता कि उनकी एक अदद बेटी भी है। हमेशा अपनी धुन में रहता है वह आदमी। भाई बस नाम का है, अपना घर बीवी-बच्चे इनसे कोई फुरसत मिले तो पूछेगा न तुमको, कैसी हो बहना, ससुराल में सब ठीक तो चल रहा है न ?

क्या हुआ गहना, बोलो बेटा? माँ .....!
गहना- प्लीज़ रुकोगी? मैं कुछ बोलूं। हां, बताओ।
मां, मुझे मां नहीं बनना।
क्यों? चार साल हो गए हैं शादी को और फिर भी तुम्हे मां क्यों नहीं बनना?
मुझे नहीं पसंद मम्मा, प्लीज़।
क्या नहीं पसंद?
माँ बनना नहीं पसंद, मुझे मम्मा। मैंने अपनी शादी के पहले ही समीर से यह बात कर ली थी। वह इस बात पर राजी था। पर अब उसके घर वाले उसे बहुत फ़ोर्स कर रहे हैं कि चार साल हो गए बच्चा क्यों नहीं कर रहे हो। इन्फेक्ट मेरी मदर इन लॉ तो मुझे और समीर को जबरदस्ती डॉक्टर के पास भी ले गयी। उनकी जिद इतनी ज्यादा थी कि हमें जाना पड़ा डॉक्टर के पास।
क्या कहा डॉक्टर ने ?
डॉक्टर ने क्या कहना था, उसने रेगुलर चेकअप किया और बताया कि दोनों नार्मल है, कुछ प्रोटेक्शन यूज़ कर रहे हैं इसलिए कंसीव नहीं हो रहा है बस। मेरी सास समीर की तरफ ये बड़ी-बड़ी आंखें फाड़ कर देखने लगी जैसे कि डॉक्टर न होती तो वह शायद एकाद थप्पड़ तो जड़ ही देती।

समीर बिल्कुल कुछ भी नहीं बोला, न वहां, न रास्ते में और न घर आकर। उसने किसी भी तरह से बात की सच्चाई नहीं बताई। अब मम्मा बताओ, यह चीटिंग हुई कि नहीं ?
गहना, तुम मुझे एक बात बताओ कि तुमको मां ही नहीं बनना, यह बात तुमने मुझे तो नहीं बतायी?
मम्मा, छोड़ो! तुमको यह बात बताकर क्या करती मैं? तुमको तो मेरी शादी कर के अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना था? क्या तुम कभी समझ सकती थीं मेरी इस बात को ?
पर तुमको परेशानी क्या है बेटा? शादी के बाद तो मां बनना, तुमसे तुम्हारे मैके वालों से लेकर ससुराल वालों का बच्चा होने की उम्मीद रखना, मुझे तो कुछ गलत नहीं लगता इसमें ? सभी को करना ही पड़ता है यह? बच्चा न होने वाली औरत और उस पूरे परिवार को ही समाज बड़ी बुरी नजर से देखता है बेटा समझो !
मम्मा, कौन सा समाज? वही, उनके हमारे रिश्तेदार आजू बाजू अड़ोस- पड़ोस वाले।
सभी लोग जिस बिरादरी में उठना-बैठना होता है वही तो होता है समाज।
मम्मा, प्लीज़ मुझे ऐसे किसी भी समाज की वजह से मां नहीं बनना है। इन्फेक्ट मुझे मां बनना ही नहीं है। ऐसी औरत को लोग बांझ कहते हैं।
कहने दो मुझे बांझ। मुझे मां नहीं बनना बस।
समीर क्या कह रहा है? माँ ने पूछा।
समीर क्या कहेगा, बिल्कुल दल बदलू आदमी है। शादी करने से पहले तो बड़ा महान बन रहा था? अगर तुमको नहीं पसंद बच्चे तो हम नहीं करेंगे। और अब.... अब कह रहा है मम्मी-पापा का इतना प्रेशर है। गहना, मुझे समझ नहीं आ रहा क्या करूँ! यह सरासर चीटिंग है मेरे साथ। यह देखो, यह हम दोनों के बीच का कॉन्ट्रैक्ट।

उसने यह लिखकर दिया है कि उसे भी बच्चा नहीं चाहिए, अब वह मुकर नहीं सकता। माँ- मैं तुम लोगों की जनरेशन की नहीं हूं।
लेकिन गहना, कुछ ज्यादा ही एडवांस नहीं है तुम्हारी जनरेशन? मम्मा, एक लड़का जो शादी करना चाहता है और एक लड़की जो शादी करना चाहती है, दोनों साथ रहना चाहते हैं लेकिन बच्चा नहीं चाहते। इसमें गलत क्या है?
गलत सही कुछ भी मेरी समझ से परे है। अब तुम क्या करना चाहती हो?
कुछ नहीं। उसने कहा। मैं समीर के खिलाफ कोर्ट में केस करना चाहती हूं।
अनुसूया जी बिल्कुल हक्की-बक्की थीं अपनी बेटी का रवैया देखकर। कैसे कोई औरत ऐसी हो सकती है जिसको सच में प्रजनन की चाह ही नहीं है? तुम नौकरी करती हो और तुम खुद कमाती-खाती हो, इसलिए आज तुमको यह लगता होगा बेटा पर हाथ-पैर जवाब देने लगेंगे तब कोई तो सहारा चाहिए होता है न बुढ़ापे में ?
मम्मा, इसका जवाब तो खुद तुम हो, तुम मुझसे क्या जवाब मांगती हो?
कुछ दिन बीत गए। न समीर का फ़ोन आया, न ससुराल से कोई बुलावा आया। गहना रोज नौकरी पर जाती और वापस आती। बाप दारू पीकर तरह-तरह के सवाल करता। कभी-कभी समीर को फ़ोन लगाता पर समीर नहीं उठाता था उनका फ़ोन। फिर गहना को भला-बुरा कहते। एक दिन गहना नौकरी से वापस आयी, तभी पापा दरवाजे में खड़े हो गए और बेटी को कहने लगे 'जाओ अपने घर उल्टे पैर लौट जाओ।' अनुसूया जी बीच में पड़ी और गहना को घर में लिया। पापा भली-बुरी बातें सुनाते रहे।

सुबह जब तैयार होकर गहना निकल रही थी तब माँ ने कहा कि कहीं हॉस्टल में जगह देख लो रहने के लिए, क्योंकि तुम्हारे पापा तुमको यहां जीने नहीं देंगे।
गहना समझ गयी और घर से निकल कर नौकरी की जगह फ़ोन कर दिया कि कुछ इमरजेंसी है इसलिए नहीं आ पाएगी। और अपने लिए एक कमरा तलाशने निकल पड़ी नोएडा जैसी जगह में शाम तक घर तो नहीं मिला कहीं अकेली औरत को। पर हॉस्टल मिल गया। शाम को गयी और सारा सामान उठाकर ले आयी। हॉस्टल में नौकरी करने वाली स्त्रियां विशेषकर रहती थी वहां। गहना ने वकील को अपना केस बताया। काफी सारे लोगों के लिए तो यह मामला ही अजीब था। इसलिए केस लिया ही नहीं। फिर कोई एनजीओ के थ्रू एक वकील मिल गयी दुर्गा। दुर्गा के केस लेने के बाद गहना आश्वस्त हो गयी। अब क्या, सिर्फ आश्वस्त होने से काम नहीं बनने वाला था। वैसे भी गहना ने अपनी सारी बातें दुर्गा को बतायीं और यह भी बताया कि मैरिज से पहले इस बाबत दोनों में कॉन्ट्रेक्ट हुआ था। दुर्गा ने देखा कि कॉन्ट्रेक्ट में यह बात साफ-साफ लिखी गयी थी कि गहना को शादी के बाद घर वालों द्वारा भी जबरदस्ती नहीं कि जा सकती। अगर ऐसा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी समीर लेगा। समीर ने न जिम्मेदारी ली और न कुछ। सीधे बात से ही मुकर गया। अब दुर्गा ने समीर को कोर्ट का नोटिस दिया। समीर ने सपने में भी नही सोचा था कि गहना उसे कोर्ट में खींचेगी। फिर क्या? समीर को भी कोर्ट का सामना करना पड़ा। उसकी तरफ से उसने एक वकील कर लिया था। यह एक अनोखा और अजीब-सा केस कोर्ट में पेश हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने पूछा- लेकिन हर्ज क्या है आपको मां बनने में?

*कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ।*

मुझे हर्ज है इसलिए तो हम बात कर रहे हैं न? समीर के वकील ने गहना से कहा, देखिए मैडम, मामला कोर्ट में टिक नहीं पायेगा इसलिए कह रहे हैं। गहना- 'तो न टिके मेरी बला से।' नहीं मतलब आपके साइड से कोई केस बन भी गया है तो वह टिकेगा नहीं कोर्ट में। देखते हैं।
मतलब, आप अपने साथ-साथ अपने पति की भी ऐसी-तैसी करवाओगी? मेरा मतलब मैडम केस वापस ले लो, फिर बाद में मत कहना कि मैंने आपको बताया नहीं।

कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ। आखिर फैसला गहना के पक्ष में हुआ। समीर को कहा गया कि आप अपनी पत्नी को इस तरह से जबरदस्ती अब नहीं कर सकते। जबकि शादी के वक्त ही उसने आपसे कॉन्ट्रेक्ट लिखवाया था। आपने खुशी-खुशी उस पर दस्तखत भी किए हैं। अब किसी के कहने पर या परिवार के कहने पर भी आप उसे बदलवा नहीं सकते। तब तक कि जिसने आपके साथ कॉन्ट्रेक्ट किया है वह खुद कहे कि मुझे कॉन्ट्रेक्ट में बदलाव करना है मैं मां बनना चाहती हूं। समीर और गहना कोर्ट के फैसले के बाद साथ-साथ चल रहे थे कॉरिडोर में। समीर ने गहना को रोका, कहा कि सॉरी मुझसे ही भूल हुई है, मैं अपनी बातों पर कायम नहीं रह पाया। पर अब मैं इस रिलेशनशिप को कंटीन्यू नहीं करना चाहूंगा। तभी गहना ने कहा ठीक है मुझे भी नहीं करना है इस बेईमान रिश्ते को कंटीन्यू। ये पेपर्स हैं, मुझे तुमसे डिवोर्स चाहिए।

समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।

कविता

डॉ.कमलेश मलिक

## संकल्प



जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा
प्रेम-शांति संदेश छोड़ अब रण का बिगुल बजाना होगा
किसी हिमांशी की आंखों से सिंधु जल अब नहीं बहेगा
किसी आरती के सर से अब पिता का साया नहीं उठेगा
यह संकल्प लिए अर्जुन को अब तो शस्त्र उठाना होगा
ऊरी अटैक या पुलवामा दुश्मन ने मुंह की खाई है
कितने सैनिक हमने खोये यह भी कड़वी सच्चाई है
सर से पानी उतर गया अब उनको सबक सिखाना होगा
पहलगाम का सीना छलनी माथे की बिंदिया का क्रंदन
बिलख-बिलख कर कहता है अब राखी के धागों का बंधन
दुश्मन केवल दुश्मन ही है रिश्ता यही निभाना होगा
जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा।



कविता

क्षमा उर्मिला

## अकेले ही ढले हैं

जहां सारा हैं अपना हम यही माने चले हैं
परख कर दुख ही तो होगा अनाड़ी ही भले हैं

झुलसने का ना हम को डर लगे खेल अब तो
तपन को बाहों में लेकर अंधेरों में जले हैं

हजारों रातें गहरी चाँद तक तक के ही काटी
उसे मामा ही समझे हम अंधेरे यूं टले हैं

बना कर धर्मों की केंची सियासत पंख काटे
उड़ानें भरते पंछी बस शिकारी को खले हैं

यही होता है सदियों से सुबह के सूरजों का
उगे ओजस्वी किरनों में अकेले ही ढले हैं

निगल जाती है सौ जानें लहर तोड़े किनारे
हुआ ये तब किनारे जब समन्दर को छले हैं।



मुक्तक

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

याद तो दिल खुदा को करता है,
अक्स तेरा ही क्यों उभरता है?
बेखुदी हद से जब गुजरती है,
आदमी इस तरह भी मरता है।
**
आप से प्यार हो गया कैसे ?
यह चमत्कार हो गया कैसे ?
प्यार को मैं गुनाह कहता था,
मैं गुनहगार हो गया कैसे ?
**
जीवन के संघर्षों ने जब भी ललकारा है।
कागज-कलम ने मुझको दिया सहारा है।
बड़े-बड़े तूफानों से मैं घिरा रहा अक्सर,
इसी नाव ने मुझे हमेशा पार उतारा है।



कविता

दिनेश दिनकर

## मेरी आखिरी सांस

तेरे बिन ये सन्नाटा सुन,
मैं तनहाईयों से घिर गई
जब सुनी तेरी आवाज़
तो तुझे खोने की अफवाह पिघल गई
हर रोज़ सपने में तुझे देखती थी
तुझे चूमती थी तुझे पुकारती थी
इक आखिरी ख्वाहिश बची है सीने में
गर भर लूं तुझे बाहों में,
तो इस जहां से छुमंतर हो सकूं
बोलो थामोगे मेरा हाथ
जब तक बची है मेरी आखिरी सांस।

कविता



राज ख्यालिया

वक़्त की कमी है, मगर मिलन की चाहत है बाकी,
दिल में अभी तेरे नाम की लगन है बाकी।

राहों में रुकावट हैं, फासले भी कायम है
फिर भी न जाने क्यों एक आस है बाकी

चाहा तुझे लम्हों में बाँध लूँ साँसों की डोर से,
पर ज़िंदिगी में अब भी कुछ उलझनें है बाकी।

हर मोड़ पर देखा तुझे यादों की सूरत में,
फिर भी न जाने क्यों है आँखों नमी है बाकी...



कविता

राकेश कुमार सपड़ा

## कलमा

थे वो सैलानी भ्रमण पे
काश्मीर के चमन में
झेलम ढल सब निहार ली
पहलगाम की फिर राह ली
छूट ना जाए कोई झील या झरना
क्या मालूम था
छद्म वेश में
आ जाएगा पूछने कोई
क्या आता है पढ़ना कलमा ?

बैसरन वादियाँ
महक रही थी जहाँ
बेशुमार खुशियाँ
इन्सानियत वहाँ शर्मसार हुई
गोली दिल के पार हुई
खून से घाटी लाल हुई
मासूम जिंदगियां
दहशत की शिकार हुई।

पूछ कर नाम शिकार जो बनाते हैं
छुपे नहीं है जो ये आतंक मचाते है
बहा के खून बेकसूर निहत्थो का
मानवता को कलंकित कर जाते हैं।

आंखे हमारी सबकी भले ही नम है
अपनों को खोने का भी गम है
होंसला नहीं हुआ फिर भी कम है
मिटाने का आतंक जड़ से लिया प्रण है
देखा ही कहाँ तुमने अभी हमारा दम है।



कविता

अंजु कपूर गांधी

## बेरोज़गार हूं मैं

हां बेरोज़गार हूं मैं।
था सुमन ठोकरों से ,
बन चुका खार हूं मैं।
जिससे है की पढ़ाई
हुई खत्म वो कमाई
खटता है बाप अब तक
खाली बेकार हूं मैं।
मां मांगती दुआएं
अल सुबहा जब भी जागे
हर दर पे टेके माथा
बांधे मन्नतों के धागे
टूटे नित उम्मीद उसकी
देखूं, लाचार हूं मैं।
खाना परोसा जाता
नहीं बैठ खा मैं पाता
करती सवाल आंखें
रहता दरकिनार हूं मैं ।
थामे डिग्रियों की फाइल
थके पांव रुह है घायल
लगता है लिए घूमता
गर्द और गुबार हूं मैं
ज्वालामुखी धधकता
आक्रोश का है भीतर
कब फूट पड़े लावा
जलता अंगार हूँ मैं।
बेरोज़गार हूँ......

**महिला साहित्यकार, कवियत्री एवं लेखिका मीना चौधरी का इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति को लेकर कहना है कि आज साहित्य अत्यंत रोचक, बहुआयामी और चुनौतीपूर्ण है। तकनीकी प्रगति, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, जिससे साहित्य अब सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा। ब्लॉग, ई-बुक्स, पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे डिजिटल माध्यमों ने नए लेखकों को मंच दिया है।**

साक्षात्कार | ओ.पी पाल

# समाज के हित में हिंदी साहित्य को जीवंत रखना जरूरी : मीना चौधरी

साहित्य संवर्धन में जुटे साहित्यकार अलग-अलग विधाओं में समाज को नई दिशा देने के मकसद से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी लेखनी चलाते आ रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में महिला साहित्यकार मीना चौधरी भी एक कवि के रूप में अपने रचना संसार को आगे बढ़ा रही हैं। साहित्य और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए समर्पित लेखन के साथ वह कई साहित्यिक, सामाजिक, उद्यमी जैसी संस्थाओं के साथ जुड़ी हैं।

लेखिका मीना चौधरी ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मकसद गद्य और पद्य दोनों विधाओं में साहित्यिक व सांस्कृतिक मंचों पर सक्रिय रहकर हिंदी साहित्य को जीवंत और विकासशील बनाए रखना है, ताकि साहित्य और समाज में उनकी सार्थक भूमिका बनी रहे। मीना चौधरी का जन्म 28 मार्च 1971 को जमशेदपुर (झारखंड) में एक मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता जमशेदपुर स्थित टेल्को कंपनी में इंजीनियर थे और माता एक समर्पित गृहिणी रहीं। उनका बचपन जमशेदपुर में ही बीता। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लिटिल फ्लावर स्कूल (कॉन्वेंट स्कूल) से हासिल की। उनके परिवार या घर में किसी प्रकार का साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उन्होंने अपनी शिक्षा विज्ञान विषयों में की, लेकिन हिंदी भाषा के प्रति उनका एक विशेष लगाव रहा और इसी हिंदी प्रेम के चलते उनकी साहित्यिक रुचि विकसित हुई। स्कूल और कॉलेज के दिनों में कभी-कभार कुछ भावनात्मक लेखन करती थी और उसी दौरान आकाशवाणी से भी जुड़ने का अवसर मिला। हालांकि छात्र जीवन की व्यस्तता के कारण यह साहित्य की रुचि थोड़ा पीछे रही। गृहस्थी में आने के बाद से ही हरियाणा के गुरुग्राम में उद्यम, साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गई। साहित्यिक लगाव के कारण उन्होंने लेखन कार्य शुरू कर दिया। वे समाज के विभिन्न पहलुओं पर कविताएं और आलेख लिखती आ रही हैं। उन्होंने बीएससी की शिक्षा के दौरान अपनी पहली रचना लिखी, जो स्थानीय अखबारों में भी प्रकाशित हुई। इससे उनका लेखन के प्रति ऐसे में आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था, जब उनकी रचना रेडियो पर भी प्रसारित हुई। उनका पहला हिन्दी कविता संग्रह 'रस स्त्राविता' प्रकाशित हुआ, जिसे भाषा सहोदरी हिन्दी के सहयोग से 2019 में प्रकाशित किया गया। जबकि उनका दूसरा काव्य संग्रह 'पैबंद पर सितारे' शीर्षक से पुस्तक के रूप में 2021 में पाठकों के सामने आया। जबकि तीसरा काव्य संग्रह शीघ्र ही प्रकाशित होगा। बकौल मीना चौधरी, वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं। उन्होंने 'भाषा सहोदरी हिंदी' सहित कई संस्थाओं के साथ मिलकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य किया है, जिसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली और उन्होंने मॉरीशस, दुबई और सिंगापुर जैसे देशों में हिंदी को मंच को साझा किया। उनका कहना है कि उनके साहित्य क्षेत्र के सफर में उनके पति, बेटियों और दामाद समेत परिजनों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन मिला है, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। साहित्य क्षेत्र के अलावा वे सामाजिक सेवा में भी सक्रीय हैं और स्वच्छता जागरण समिति जैसी संस्थाओं से जुड़ी हैं। वहीं वे कई साहित्यिक संस्थाओं से जुड़ी होने के साथ भाषा सहोदरी की मुख्य संयोजिका हैं और आगमन की राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला काव्य मंच, गुरुग्राम की महासचिव भी रही हैं। वे खुद के संस्थान इंडसोल एंटरप्राइजेज की अध्यक्ष भी हैं यानी इंडसोल एंटरप्राइजेज में स्व-नियोजित, उद्यमशीलता की दुनिया में अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता उनके पास है।

एक साहित्यकार के रूप में वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दुबई और मॉरीशस में मुख्य प्रबंधक रही हैं एवं भाषा सहोदरी पत्रिका की सम्पादक भी हैं। उनका कहना है कि युवाओं को साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि साहित्य न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को समृद्ध करने के साथ सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता भी बढ़ाता है। ऐसी प्रेरणा युवाओं को अपनी संस्कृति, समाज और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में सहायक होगी।

## प्रकाशित पुस्तकें

लेखिका एवं कवि मीना चौधरी की प्रकाशित पुस्तकों में रस स्त्राविता, पैबंद पर सितारे और मेरी स्वरचित काव्य संग्रह प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनके हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में साँझा संकलन एवं पत्र-पत्रिकाओं में कविताएं, लघुकथा और लेख भी प्रकाशित हुए हैं। इसके अलावा वे गद्य और पद दोनों साहित्यिक विधाओं में आलेख और रचनाएं लिखती आ रही हैं। वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं।



मीना चौधरी

## पुरस्कार व सम्मान

मीना चौधरी को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो से अनेक सम्मान मिल चुके हैं। इनमें विश्व हिंदी सम्मान दुबई, 'सहोदरी रत्न' मॉरिशस, 'शब्द मनीषी सम्मान', विविधता में एकता राष्ट्रीय सम्मान, आगमन तेजस्विनी अवार्ड, रंग राची सम्मान, स्वर लहरी सम्मान, प्रेरणा पीढ़ी पुरस्कार, भाषा सहोदरी सम्मान प्रमुख रुप से शामिल रहे। उन्हें अनेक साहित्यिक मंचों से भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : मीना चौधरी
**जन्मतिथि** : 28 मार्च 1971
**जन्म स्थान** : जमशेदपुर (झारखंड)
**शिक्षा** : बीएससी, एमबीए
**संप्रति** : लेखिका, कवि, संपादक, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता (गुरुग्राम क्षेत्र)

# 'हेल्लो ज़िंदगी' में हैं शिक्षा और समाज के सरोकार






**पुस्तक : हेल्लो ज़िंदगी**
**लेखक : विनय मोहन खारवन**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : समदर्शी प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | अरुण कुमार कैहरबा

सेवानिवृत प्राध्यापक व इस पुस्तक के लेखक विनय मोहन खारवन की प्रतिभा निरंतर समाचार-पत्रों व पत्रिकाओं में चमकती रही है। उनके लघुकथा संग्रह 'हेल्लो ज़िंदगी' शीर्षक ही स्पष्ट करता है कि लेखक अपनी रचनाओं में ज़िंदगी के साथ सीधा संवाद कर रहा है।

अपने समृद्ध अनुभवों और समझ के आधार पर जीवन के विविधि पहलुओं, घटनाओं और संबंधों को अपनी लघुकथाओं के जरिये परख रहा है। लेखक रोजमर्रा के जीवन की छोटी से छोटी घटना को लेता है और सीधे-सरल शब्दों में कथा कहते हुए मर्म की बात कह जाता है। लघुकथाएं विसंगतियों व विडंबनाओं की तरफ संकेत भी करती हैं और प्रहार भी करती हैं। लेखक का मत है कि 'रिटायरमेंट ज़िंदगी को हैलो कहने का समय होता है।' लेखक का संबंध शिक्षा से रहा है। यही कारण है कि समीक्ष्य संग्रह में उनके शैक्षिक सरोकार अनेक लघुकथाओं में दिखाई देते हैं।

'शोषण' व 'आज का एकलव्य' लघुकथाएं इसी विषय पर केंद्रित हैं। 'आज का एकलव्य' लघुकथा में तीस साल से निजी स्कूल में पढ़ा रहे अध्यापक की दयनीय दशा को दिखाया गया है। 'पैसा और पढ़ाई' में पढ़ाई के प्रति अमीर लोगों का दृष्टिकोण उजागर होता है, जिसमें वे पढ़ाई से ज्यादा पैसे को तरजीह देते हैं। संग्रह में सरकारी स्कूलों का चित्रण भी है। 'ज़मीर' लघुकथा में बीस लाख रुपये के अनुदान पर प्रिंसिपल अपने जमीर को दरकिनार करके मन की इच्छाओं को तरजीह देता है। 'प्रैक्टिकल' में कॉलेज के अध्यापक की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में लालच की प्रवृत्ति उजागर होती है। 'नकल' लघुकथा में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सुपरवाइजर द्वारा नकल का धंधा करने और उड़नदस्ते के एक सदस्य द्वारा इसकी उपेक्षा करते हुए सुपरवाइजर के साथ दोस्ती निभाने की अपराधपूर्ण स्थिति को दर्शाया गया है। 'सिलसिला' में ऊपर से नीचे तक चलने वाले धमकी व डर के सिलसिले के बाद बिना किसी सार्थक उद्देश्य से बजट खर्च करने के लिए होने वाले सेमिनारों की कड़वी सच्चाई सतह रूप में उजागर कर दी गई है। शिक्षा कैसे अंकों की होड़ में तब्दील हो गई है, इसे 'ज़िंदगी के नंबर' और 'खुशी का प्रतिशत' में दिखाया गया है। लेकिन 'ज़िंदगी के नंबर' में परीक्षा के अंकों को देखने का सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख दी गई है। संग्रह की अनेक लघुकथाएं हृदय स्पर्शी हैं और सवाल खड़े करती हैं। पहले संग्रह के लिए लेखक को हार्दिक बधाई।

खबर संक्षेप

## पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान थाना बडागुढ़ा थाना क्षेत्र के गांव रघुआना से एक युवक को 7 ग्राम 32 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव रघुआना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रघुआना के नजदीक पहुंची तो गांव में गली से एक युवक पैदल चलकर आता हुआ दिखाई दिया।

## पीर से पंखे व नकदी चुराने का गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने बाबा बूटा बस्ती पीर से पंखा और गुल्लक से नकदी चुराने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरमीत पुत्र बीरा राम निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना निवासी गीता देवी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह बाबा बूटा बस्ती पीर पर सफाई करती है और सेवादार है। पीर में रखे फर्राटा पंखे और गुल्लक में रखे पैसे को अज्ञात युवक चोरी कर ले गया है। इस पर जब उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो एक युवक चोरी करते नजर आया।

## अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में रानियां के वार्ड नंबर 6 निवासी अमित चावला ने बताया कि बीती 9 मई की दोपहर को उसने अपने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद संभाली तो गायब मिली। दूसरे मामले में शहर के चंडीगढिया मोहल्ला निवासी गौरव कुमार ने बताया कि बीती 10 मई की सुबह उसने लालबती चौक स्थित अपनी दुकान के बाहर बाइक खड़ी की थी



## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू

**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप कुमार निवासी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। शहर थाना डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गुरजिंद्र सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी सिंगेवाला के बयान पर कि वह वाल्मीकि चौक के समीप सैलून में कटिंग करवा रहा था। उसी समय दुकान के सामने दो अज्ञात लडक़े आए और बाइक चोरी करके ले गए। जिस पर थाना शहर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जो जांच के दौरान इस मामले में एक आरोपी को पहले से काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद किया जा चुका है।

### बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना आज से लागू

# बिजली उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी : ए. श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने कहा है कि 12 मई से सरचार्ज माफी योजना लागू हो रही है, सभी लाभ उठाएं**



प्रबंध निदेशक ए. श्रीनिवास।

हरियाणा ऊर्जा विभाग के सचिव एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने कहा है कि 12 मई से सरचार्ज माफी योजना लागू हो रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी निजी उपभोक्ता श्रेणियों, कृषि श्रेणी, सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी, औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। यह योजना ऐसे उपभोक्ताओं के लिए वैध होगी जो 31 अगस्त 2024 तक बिजली निगम के डिफॉल्टर थे और आज की तारीख तक डिफॉल्टर बने हुए हैं।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो पात्र सभी घरेलू/कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पूरा सरचार्ज माफ किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए योजना की अधिसूचना की तारीख तक कुल विलंबित भुगतान अधिभार को रोक दिया जाएगा। घरेलू उपभोक्ता जो योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त या 8 मासिक या 4 द्विमासिक किस्तों में भुगतान करने का विकल्प होगा। बकाया सरचार्ज राशि को 8 चालू मासिक या 4 द्विमासिक बिलों के नियमित भुगतान के साथ किश्तों में माफ किया जाएगा।

कृषि श्रेणी उपभोक्ताओं के पास बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त या 3 बिलिंग चक्रों में करने का विकल्प होगा। कृषि उपभोक्ताओं का बिलिंग चक्र 4 महीने में एक बार होता है। बकाया सरचार्ज राशि को 3 चालू बिल के नियमित भुगतान के साथ किश्तों में माफ किया जाएगा। सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी कनेक्शन वाले उपभोक्ता योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं, उनके पास अधिसूचना की तिथि तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त भुगतान करने का विकल्प होगा और सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा।

औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को कुल मूल राशि के साथ 50 प्रतिशत अधिभार राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर, शेष 50 प्रतिशत अधिभार राशि माफ कर दी जाएगी। यदि उपभोक्ता 6 चालू बिलों के भुगतान में चूक करता है, तो पूर्ण अधिभार राशि पुनः प्राप्त कर ली जाएगी। बकायादार उपभोक्ता बकाया राशि का भुगतान दी गई किश्तों में कर सकते हैं। किसी भी छूटी हुई किश्त के मामले में, बकाया राशि को वर्तमान किश्तों के साथ अंतिम किश्त तक चुकाना होगा अन्यथा पूरा सरचार्ज वापस ले लिया जाएगा और उपभोक्ता को योजना से बाहर माना जाएगा।

**उठाए लाभ**

गलत बिलिंग के मामले में, निगम के निर्देशों के अनुसार इसे ठीक किया जाना चाहिए। जिन उपभोक्ताओं के मामले वर्तमान में बिलिंग विवादों के कारण किसी न्यायिक फोरम में हैं, वे मामला वापिस लेकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। केस वापिस लेने वाला उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होगा।



बरवाला : मूक नायक संघ विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मूक नायक संघ ने करवाई खंड स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

मूक नायक संघ द्वारा खंड स्तरीय खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन खो खो खेल स्टेडियम सरहेड़ा में किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 गांवों की टीमों द्वारा भाग लिया गया। इसमें प्रथम स्थान गुरु रविदास नगर शाखा स्थल द्वारा प्राप्त किया गया और दूसरा स्थान वार्ड नं 10 ज्योतिबा फुले टीम ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान भीम शाखा टीम बरवाला ने प्राप्त किया।

विजेता टीम को मूक नायक संघ द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में मास्टर दीपक, मास्टर सुरेंद्र और कोच सोनू का योगदान रहा। मास्टर दीपक द्वारा पर्यावरण सरंक्षण के बारे में खिलाड़ियों को जागरूक किया गया और मास्टर सुरेन्द्र द्वारा नशे से बचने की भी अपील की गई तथा कोच सोनू ने खेलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि मूक नायक संघ खो खो प्रतियोगिता का एक मैच संघ टीम एवं गांव सरहेड़ा की एक टीम जो राष्ट्रीय विजेता रही है उनके साथ भी हुआ। मूक नायक संघ द्वारा सरहेडा टीम के नेशनल खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मां सुनील भारतीय, मां सचिन जांगड़ा, मां गुरु वचन वर्मा, मां अजय, मां रविन्द्र, मां सुनील भैणी बादशाहपुर, मां सुशील भैणी बादशाहपुर, मां रविन्द्र मेहरा, मां अवतार, मां बजरंग आदि रहे।

## पाक का दुष्प्रचार नहीं डिगा सकता भारत का आत्मविश्वास : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच चले चार दिवसीय सीमावर्ती तनाव के दौरान सिरसा का वायुसेना अड्डा पूर्णतः सुरक्षित रहा। सांसद ने पाकिस्तान के झूठे प्रचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हमारे जवानों की बहादुरी और निगरानी के कारण ही सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है, तो देश की जनता और सुरक्षा बल एकजुट होकर उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा का हवाई अड्डा देश की अग्रिम पंक्ति का एक महत्वपूर्ण सामरिक स्थल है और इसकी सुरक्षा को लेकर सिरसा ही नहीं, पूरे हरियाणा को गर्व है। उन्होंने कहा है कि हरियाणा और विशेष रूप से सिरसा के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। सांसद ने पाकिस्तान द्वारा सिरसा वायुसेना अड्डे को निशाना बनाए जाने के झूठे प्रचार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार पाकिस्तान की मानसिक हार और घबराहट को दर्शाता है। झूठी खबरें फैलाकर वह भारत की एकता और आत्मविश्वास को डिगा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि संघर्ष के समय देश के नागरिकों ने जिस अनुशासन, संयम और एकजुटता का परिचय दिया।



सांसद कुमारी सैलजा।

## 'हमारा प्यार हिसार' का पेंटिंग अभियान भारत के वीर सैनिकों के नाम में बनाई तीनों सेनाओं की पेंटिंग्स

- आर्टिस्ट सदस्य अनुराग महेश्वरी के नेतृत्व में ग्रुप के सदस्यों ने विद्युत नगर की दीवार पर तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करती हुई शानदार पेंटिंग बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उधर जब हमारी तीनों सेनाएं युद्ध जैसे हालात में दुश्मनों के छक्के छुड़ा रही हैं, 'हमारा प्यार हिसार' ने रविवार का अपना अभियान भारत मां के इन वीर सपूतों के नाम समर्पित किया। आर्टिस्ट सदस्य अनुराग महेश्वरी के नेतृत्व में ग्रुप के सदस्यों ने विद्युत नगर की दीवार पर तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करती हुई शानदार पेंटिंग बनाई।






हिसार। पेंटिंग अभियान के दौरान उपस्थित 'हमारा प्यार हिसार' के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, डॉ. राज सोनी, राजेंद्र गहलोत, शकुंतला रहेजा, पुष्पांजलि शर्मा, मनीष गोयल, निशा गोयल, रश्मि मेहता, गगन मेहता, रीमा सरदाना, जितेंद्र बंसल, विजय कादियान, मंदीप पूनिया, रमेश कुमार, अमित गुप्ता, ममता भाटी, डॉ. निशांत बंसल, विक्रम मित्तल, सुरेंद्र पानू, अश्विनी, नवाब, विक्की रौतेला, अंकित गर्ग, मुकुल, यजत, इप्सिता, रिमछा, सैफी व कैफी शामिल हुए।

## हर सुबह की नई शुरूआत ध्यान से करें : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समर्थगुरु धारा (ओशोधारा) के तत्वाधान में समर्थगुरु धारा संघ द्वारा कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान करवाया। आचार्य ने बताया कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के संगठन को स्थिरता और शांति की दिशा में ले जाता है।

यह एक तात्कालिक साधना है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। सुप्रभात ध्यान का अर्थ है सुप्रभात या सुबह में ध्यान लगाना। यह ध्यान प्रक्रिया अधिकतम स्थिरता और ध्यान की शक्ति को उत्पन्न करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तत्वों को समाहित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान करने के लिए व्यक्ति शांत और शुद्ध वातावरण में बैठकर ध्यान के लिए समय निकालता है। ध्यानासन में सुखासन, पद्मासन या वज्रासन का उपयोग किया जा सकता है। ध्यानास्थिति में व्यक्ति अपने विचारों को शांत करता है और अपने श्वास का ध्यान रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत करता है और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान का अभ्यास नियमित रुप से किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता, संतुलन और आनंद को अनुभव कर सके। ज्ञात हो कि कोई भी ध्यान आपको किसी गुरु या प्रशिक्षित आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए।

समर्थगुरु धारा संघ हर रविवार को सुबह 7 से 9 बजे तक अपने साधना केंद्र, नगर में ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है जोकि सभी के लिए निःशुल्क होता है और प्रशिक्षित आचार्य ही वो ध्यान का सेशन लेते हैं। ध्यान के बाद आचार्य सुभाष ने समर्थगुरु धारा के कार्यक्रमों के बारे में टीम सद्गुरु हिसार के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि ओशोधारा हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी कड़ी में 18 मई को समर्थगुरु धारा संघ हिसार अपने साधना केंद्र कौशिक नगर हिसार में एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन



हिसार। कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते साधक। फोटो : हरिभूमि

**141 ने किया रक्तदान**

## संत निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर व संत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता पूज्य रमित जी के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन की हिसार शाखा की ओर से संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर व निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी जोन के इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ हिसार की विधायक सावित्री जिंदल और जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, जगदीश जिंदल, पार्षद भीम महाजन, रामस्वरूप पोपली व हिसार के संयोजक संजय खुराना व मिशन के प्रवक्ता रमेश चुघ ने विशेष रुप से पहुंच कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा से डा. ऋचा की अगुवाई में मेडिकल टीम ने लगभग 215 रक्तदाताओं का पंजीकरण किया तथा 141 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में रक्तदान को लेकर महिलाओं में भी भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि रक्तदान से बढक़र कोई दान नहीं है। हम रक्तदान करके किसी को नया जीवन प्रदान कर सकते हैं। इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर मिशन के स्वयंसेवकों का उत्साह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन ने सदैव सामाजिक कार्यों में अपनी उल्लेखनीय भागीदारी निभाई है। शिविर में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम ने डॉ. ऋचा के नेतृत्व में रक्त संग्रह का कार्य किया। इस दौरान डॉ. ऋचा ने कहा कि रक्तदान करने से हमारी शरीर पर किसी प्रकार का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है,



हिसार। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करती हिसार की विधायक सावित्री जिंदल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### वर्तमान छात्रों को ट्रेनिंग व प्लेसमेंट में सहयोग देने का आश्वासन दिया

# गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल विभाग में पहली एलुमनी मीट का आयोजन

**कार्यक्रम डायरेक्टर जनरल, तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पहली एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। यह एलुमनी मीट डायरेक्टर जनरल, तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार करवाया गया। इस एलुमनी मीट में वर्ष 2000 से अब तक के बैचों के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में 30 एलुमनी ने ऑनलाइन माध्यम से तथा 67 एलुमनी ने ऑफलाइन रूप से भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर नरेश कुमार, अरविंद कुमार, जयवीर ढुल, रोशनी व पवन कुमार (ऑनलाइन माध्यम से) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी की पहली एलुमनी मीट में पहुंचे पूर्व छात्र व उपस्थित स्टाफ सदस्य।

कार्यक्रम का मंच संचालन नितिन वर्मा व ऋचा ने किया। विभाग के अन्य स्टाफ सदस्य अजय जांगड़ा, रामप्रसाद, सीता, जोगेंद्र सिंह व वॉलिंटियर्स का भी इस आयोजन में मुख्य सहयोग रहा। पूर्व छात्रों ने इस अवसर पर अपने कॉलेज जीवन के अनमोल अनुभव बताए व अपने संघर्ष, सफलता और उद्योग जगत में हो रहे बदलावों पर अपने विचार रखे। साथ ही वर्तमान छात्रों को ट्रेनिंग व प्लेसमेंट में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

विभागाध्यक्ष रजत ठकराल ने सभी पूर्व छात्रों का धन्यवाद व्यक्त किया और बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें भावनात्मक रूप से जोड़ते है बल्कि संस्थान के औद्योगिक और शैक्षणिक प्रगति में भी योगदान देते हैं। विभागाध्यक्ष ने प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार का धन्यवाद किया और उन्होंने बताया कि इस वर्ष 90 प्रतिशत फाइनल ईयर स्टूडेंट्स की नौकरी प्रतिष्ठित उद्योगों में लग चुकी है। इस उपलब्धि में पूर्व टीपीओ मुकेश बंसल व एटीपीओ अजय जांगड़ा का विशेष योगदान रहा।

**जताया आभार**

प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने भी विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और एलुमनी मीट के महत्व को रेखांकित किया। एलुमनीज ने अपने पुराने शिक्षकों और संस्थान से मिलकर खुशी जताई और भविष्य में विभाग को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## अवैध पिस्तौल बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईए टीम ने 25 सितंबर 2021 को सुलखनी बस स्टेंड घिराए मोड़ से अवैध पिस्तोल बरामदगी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें टोहाना के समैण निवासी अंकित और ढाड निवासी अमित उर्फ मीतू उर्फ बच्ची शामिल है। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपियों ने सुलखनी निवासी संदीप उर्फ छोटू को अवैध पिस्तौल बेचा था। मामले के अनुसार हिसार सीआईए ने 25 सितंबर 2021 को गश्त के दौरान सुलखनी बस स्टेंड घिराए मोड़ से सुलखनी निवासी संदीप उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जिंदा कारतूस सहित अवैध पिस्तौल बरामद किया था।

इसके बारे की गई कार्रवाई में सामने आया कि संदीप उर्फ छोटू से बरामद पिस्तोल और कारतूस उक्त दोनों आरोपियों ने उसे दिया था। उक्त दोनों आरोपियों अंकित और अमित उर्फ मीतू उर्फ बच्ची को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



अवैध पिस्तोल बरामदगी मामले में पकड़े गए दोनों आरोपी।

**खबर संक्षेप**

### सट्टा खाईवाली में 42250 रुपये सहित एक काबू

**हांसी।** हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव रोहनात निवासी इंद्र के रुप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 42 हजार 250 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सूचना के आधार पर जगदीश कॉलोनी में छापा मारा। स्पेशल स्टाफ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंच शक के आधार पर इंद्र को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 42 हजार 250 रुपए तथा पर्चियां बरामद हुई।

### गैस सिलेंडर चोरी के मामले आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी शहर पुलिस ने बंद मकान में से एक गैस सिलेंडर चोरी मामले में आरोपी ढाणी राजू निवासी महिपाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने 7 मई को दोपहर के समय न्यू सुभाष नगर निवासी आसिफ अली के मकान में से एक गैस सिलेंडर व कुछ रुपए चोरी कर लिए थे। शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया गया गैस सिलेंडर को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### मजदूर की हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

**तोशाम।** तोशाम में जुई मार्ग पर स्थित आरा मशीनों पर कार्यरत मजदूर की हत्या करने के मामले में पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति को शनिवार देर सायं काबू कर लिया। व्यक्ति को रविवार को न्यायालय में पेशकर एक दिन के रिमांड पर लाया गया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति सोनू को काबू कर लिया। सोनू को रविवार को न्यायालय में पेशकर एक दिन के रिमांड पर लाया गया।

### ऋषि से दो किलो 4 ग्राम गांजा पत्ती बरामद

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ -2 भिवानी की टीम ने गांव सिरसा घोघड़ा बस अड्डा से व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान ऋषि निवासी अशोका कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से दो किलो 4 ग्राम गांजा पत्ती को बरामद किया गया है।

### कर्मचारियों से मोबाइल छिनने का आरोपी पकड़ा

**तोशाम।** थाना तोशाम पुलिस ने खानक में प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों का मोबाइल फोन छिनने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शत्रुधन निवासी समस्तीपुर बिहार ऑल निवासी खानक ने बताया की खानक में हॉट मिक्स प्लांट पर काम करता हूं जो प्लांट से पिंजौखरा मोड पर खाना खाने के लिए जा रहा था तभी बाइक पर सवार तीन लड़के आए जिन्होंने शिकायतकर्ता से जरूरी फोन करने के लिए फोन मांगा था और शिकायतकर्ता के द्वारा फोन देने पर आरोपी फोन छिन कर भाग गए थे। थाना तोशाम के उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान सुंदर निवासी चौधरी बास जिला हिसार के रूप में हुई है।

### तीन लाख की धोखाधड़ी करने का आरोपी पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने महिला कर्मचारी से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांति नगर भिवानी निवासी महिला ने थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी को धोखाधड़ह के बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार पुत्र भरत सिंह निवासी जलालाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पेश न्यायालय में कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## मदर्स-डे पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों की अनोखी पहल

# माताओं का घरेलू कार्यों में किया सहयोग, सम्मान का लिया संकल्प

■ नृत्य, कविता लेखन, कार्ड मेकिंग चार्ट व पोस्टर से व्यक्त की भावना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मातृत्व को समर्पित मदर्स डे उत्सव भावनात्मक और रचनात्मक तरीके से मनाया गया। विद्यार्थियों ने इस विशेष दिवस को वर्चुअल तकनीक के माध्यम से विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों द्वारा माताओं के सम्मान में समर्पित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मां के साथ नृत्य, मां पर कविता लेखन व पाठ, कार्ड मेकिंग, पोर्ट्रेट बनाना, चार्ट व पोस्टर निर्माण तथा मां पर भाषण की वीडियो प्रस्तुति घरेलू कामों में मां की मदद करते हुए वीडियो जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। हर कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए यह संदेश दिया कि मां केवल घर की देखभाल करने वाली नहीं, बल्कि परिवार की आत्मा होती हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में घरेलू कार्यों में अपनी माताओं का सहयोग करेंगे और उन्हें सदैव सम्मान प्रदान करेंगे।




**हांसी।** मदर्स डे पर मां पर लिखी कविता अपनी मां भेंट कर्ता छात्र।

यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं संस्थापक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति को प्रेरणास्पद बताते हुए कहा कि माता केवल परिवार की रीढ़ नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं। बच्चों द्वारा की गई ये भावनात्मक प्रस्तुतियां उनकी संवेदनशीलता और संस्कारों को दर्शाती हैं। विद्यालय द्वारा इस प्रकार की पहल सराहनीय है, जो बाल मन में आदर्श संस्कारों की नींव रखती है।

प्राचार्य सुनील कुमार ने सभी माताओं को मदर्स डे की बधाई देते हुए कहा कि हमारा प्रत्येक प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित है। गांधी जी के 'करके सीखना' सिद्धांत के आधार पर बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया जाता है। मदर्स डे जैसे अवसर बच्चों में सेवा, कृतज्ञता और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जागृत करते हैं।

आयोजन में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक अत्यंत सकारात्मक प्रयास बताया, जो नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्य एवं संवेदनाएं सिखाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। यदुवंशी स्कूल द्वारा आयोजित मदर्स डे समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा का उदाहरण था।



विश्वास स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# वीएम विश्वास स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

वीएम विश्वास स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने मां के लिए कविताओं के माध्यम से अपने उद्गार जाहिर किए। बच्चों ने मां से जुड़े गानों पर डांस कर मां के प्रति अपने उत्कृष्ट भाव प्रकट किए।

स्कूल की सभी कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियों हुई। बच्चों ने अपनी जन्मदायिनी प्यारी मां के लिए ग्रीटिंग काड्र्स बनाए और उपहार तैयार किए। सभी बच्चों ने अपनी मां का सदा सम्मान करने का संकल्प लिया और उनके लिए एक भावपूर्ण पत्र भी लिखा। ज्योति बैंदा ने कहा कि एक मां सदैव अपने बच्चों के भले की कामना करती है, इसलिए बच्चों को भी अपनी मां का सम्मान करना चाहिए और उनके दिखाए आदर्शों पर चलना चाहिए। मां बच्चों के लिए आदर्श होती है और हमें सबसे पहले संस्कार मां से ही मिलते हैं। आज भारत मां के ऊपर संकट के बादल छाए हुए हैं। हमें अपनी भारत माता की रक्षा के लिए भी प्रण करना चाहिए और देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए के लिए भी प्रार्थना करनी चाहिए।

# गौ-संवर्धन सरकार की प्राथमिकता: गंगवा

## गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाई जा रही कई योजनाएं

■ हरियाणा गोशाला के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री रणबीर गंगवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में गौ-संवर्धन और गौ-संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है। सरकार द्वारा प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं को अनुदान देने, उनके आधुनिकीकरण और स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

रणबीर गंगवा रविवार को यहां की श्री हरियाणा कुरुक्षेत्र गोशाला में तेरापंथ समाज द्वारा आयोजित श्री हरि वाटिका के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह में उपस्थितजनों को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार विधायक सावित्री जिंदल ने की। उन्होंने कहा कि सरकार नियमित रूप से गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है।



**हिसार।** श्री हरि वाटिका का शिलान्यास करते रणबीर गंगवा, सावित्री जिंदल।

### बढेंगे आश्रय स्थल

बेसहारा पशुओं के लिए आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गोबर गैस, कंपोस्ट खाद और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए गौशालाओं को कृषि-आधारित केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे गौ पालन को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी नीतियों का क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री की स्पष्ट दृष्टि और समर्पित नेतृत्व से प्रदेश में पारदर्शिता, विकास और सामाजिक समरसता को नई दिशा मिली है। सरकार की नीतियों ने जहां किसानों, महिलाओं व युवाओं को सशक्त किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास को भी गति प्रदान की है। कार्यक्रम में श्री हरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला के प्रधान दीपचंद राजलीवाला, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, सुरेश गोयल, राजेन्द्र गावड़िया, पुष्पा जिंदल मौजूद रहे।

# 'नाचनी' मातृत्व की संवेदनाओं को समर्पित एक नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को को कालनधिका नृत्य संस्थान द्वारा प्रस्तुत भानु भारती की एकल नाट्य रचना 'नाचनी' का मंचन सेक्टर 15 स्थित रियाज़ एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में हुआ।

इस प्रस्तुति में डॉ. राखी जोशी ने मुख्य भूमिका निभाई, जिनका सशक्त और भावपूर्ण अभिनय दर्शकों के हृदय को छू गया। निर्देशन और रूपांकन मधुर भाटिया द्वारा किया गया, जिन्होंने नाटक की संवेदनशीलता को गहराई से मंच पर उतारा। प्रकाश व्यवस्था में राम नारायण ने उत्कृष्ट कार्य किया।पुजा द्वारा वेशभूषा और मेकअप किया गया। सय्यम ने बैकस्टेज की ज़िम्मेदारियों को सहजता से संभालते हुए पूरे प्रदर्शन को सुचारु रूप से संचालित किया।



**हिसार।** नाचनी में प्रस्तुति देते कलाकार।

'नाचनी' केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि मातृत्व, संघर्ष और स्त्री अस्मिता की कथा है। मदर्स डे के दिन इसे प्रस्तुत करना एक प्रतीकात्मक और भावनात्मक निर्णय था, जिसने इस दिन को और भी अर्थपूर्ण बना दिया। दर्शकों ने नाटक की भावनात्मक गहराई, कलात्मक प्रस्तुति और कथ्य की सशक्तता की भरपूर सराहना की। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रहीं।

# महिला कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय में इंटर्नशिप सेल के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंटर्नशिप सेल के कॉर्डिनेटर सतीश सिंगला ने एनईपी 2020 में विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप जो कि द्वितीय सेमेस्टर या चतुर्थ सेमेस्टर के उपरान्त ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में की जाएगी, के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला में प्रोफेसर हर्षा ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की इंटर्नशिप प्रोग्राम के बारे में तथा विभिन्न संस्थानों के बारे में महाविद्यालय स्टॉफ को अवगत करवाया। इंटर्नशिप सेल में इंटर्नशिप सुपरवाइजर तथा फैकल्टी इंचार्ज के भूमिका एवं दायित्व के बारे में भी जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सतबीर सिंह सांगा ने सभी स्टाफ सदस्यों को अपनी अपनी भूमिका को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

### रणधीर कुंडू के निधन पर शोक जताने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा

**हिसार।** पूर्व विधायक स्व. मनफूल सिंह के बड़े बेटे रणधीर सिंह कुंडू के निधन पर शोक जताने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा उनके अर्बन एस्टेट स्थित आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि रणधीर सिंह कुंडू का गत 27 अप्रैल को निधन हो गया था। उनके साथ हिसार के सांसद जयप्रकाश, विधायक नरेश सेलवाल, विधायक जस्सी पेटवाड़ और विधायक चंद्रप्रकाश ने भी रणधीर सिंह कुंडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि स्व. मनफूल सिंह कुंडू के साथ उनका पारिवारिक संबंध है। ऐसे में रणधीर कुंडू का निधन उनके लिए एक निजी क्षति है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद उदयवीर मिंटू सहित अन्य गणमान्य लोग व परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# नृसिंह के अवतार दिवस पर किया हवन

## शहर के मुलतानी चौक पार्क में कार्यक्रम आयोजित, श्रद्धालुओं ने डाली आहुति

■ भगवान विष्णु ने हिरण्य कश्यप के वध के लिए लिया था यह अवतार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के तत्वाधान में मुलतानी चौक पार्क में सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में नृसिंह अवतार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभा की ओर से हवन-यज्ञ किया गया।

नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली के पिता समाजसेवी रामस्वरुप पोपली ने विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया। पं. देवकीनंदन ने मंत्रोच्चारण के साथ नृसिंह अवतार दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नृसिंह जयंती का व्रत किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तिथि पर भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लिया था और खंभे को चीरकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी। भगवान विष्णु ने यह अवतार हिरण्य कश्यप का वध करने के लिए किया था। इस दिन व्रत करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



**हिसार।** हवन में आहुति डालते श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा के सदस्य।

सभा के सभी सदस्यों व अन्य उपस्थित लोगों ने हवन में आहुति डाली। सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि हवन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया व आरती की गई। उपस्थित लोगों को नृसिंह अवतार दिवस की बधाई दी गई।

इस अवसर पर समाजसेवी नंदलाल चोपड़ा, किशनलाल बागड़ी, रवि भुटानी, भीमसैन नारंग, महेन्द्र टुटेजा, सतपाल असीजा, राजकुमार बजाज, हरबंस मदान, डी.आर.मनचंदा, मेहर चंद मनचंदा, सुरेन्द्र बजाज, महेश चौधरी, महेन्द्र पाल, हरीश पबरेजा, सुनील वर्मा, राजेश सोनी, नरेन्द्र चड्ढा, सतीश सेहरा, जितेन्द्र सोनी, संजय सेहरा, उरिन्द्र सचदेवा, इन्द्र शर्मा, राजू पाहवा, शुभम वलेचा, रविन्द्र इत्यादि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | जनरल श्रेणी में बने देश के टॉपर, श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर में कार्यक्रम

# डॉ. विक्रम डेलू का वैज्ञानिक के पद पर चयन पैतृक गांव मंगाली सुरतिया में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नजदीकी गांव मंगाली सुरतिया के प्रतिभाशाली युवा डॉ. विक्रम डेलू ने यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय सर्वेक्षण विभाग (ज्यूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार में वैज्ञानिक 'बी' पद पर जनरल श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव, समाज और राज्य के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। डॉ. विक्रम डेलू के पिता किशोरी लाल डेलू पुलिस इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर, मंगाली की प्रबंधन समिति की ओर से मंदिर परिसर में भव्य सम्मान समारोह समन्वय जीव रक्षा दल, मंगाली व उनकी टीम की देखरेख में हुआ। डॉ. विक्रम डेलू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हिसार से प्राप्त की और उच्च शिक्षा कुवि व हकृवि हिसार से की। पीएचडी डॉ. धर्मवीर सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर, जूलॉजी) के मार्गदर्शन में पूर्ण की। इसके बाद डॉ. विक्रम डेलू ने हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून में जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। गांव में हुए सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एचएयू हिसार के ज्यूलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर सिंह और प्रवर्तन निदेशालय देहरादून से सहायक प्रवर्तन अधिकारी विकास ज्याणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. डेलू को व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और युवाओं को उनके जैसे उदाहरणों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अनिल भांभू ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर, मंगाली की कमेटी ने किया। जीव रक्षा दल, मंगाली एवं उनकी टीम डॉ. वीरेंद्र शर्मा (प्रधान), विजय मंडा, सुरेश खीचड़, ईश्वर गोदारा, सुग्रीव पूनिया, सुशील राहड़, जयदेव धामू, कुलदीप गोदारा, विष्णु सीगड़ द्वारा समस्त कार्य संपन्न करवाए गए।



**हिसार।** मंगाली गांव के श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर में यूपीएससी में चयनित डॉ. विक्रम का स्वागत करते ग्रामीण।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बदरी प्रसाद धायल, साहेब राम पूनिया, भागसिंह पूनिया, विनोद कुमार डेलू, राजेंद्र कुमार धायल, रामकुमार भांभू, फकीर चंद घायल, साधुराम गोदारा, प्रमोद ऐचरा, फूल सिंह गोदारा, भूप सिंह भांभू, रामकुमार भादू, बलराज सिंह धायल सरपंच मंगाली सूरतिया, संजय कुमार (सरपंच, सिंघरान), पटेल पूनिया, काशीराम, काशीराम फौजी, कृष्ण धायल, देवेंद्र कुमार धायल, राजेंद्र डेलू, वज़ीर सिंह पूनिया, संजय चाहर, सज्जन बैरागी, चंद्रभान, राजेश कुमार (सरपंच, मंगाली आकलन), रामेश्वर भांभू व राजेश धायल आदि अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।




**हांसी।** फिजियोथेरेपिस्ट नरेश जांगड़ा को सम्मानित करते एसडीएम राजेश खोथ।

### फिजियोथैरेपी कैंप में 35 कर्मचारियों का किया नि:शुल्क उपचार, बीमारियों से बचने के दिए टिप्स

■ व्यायाम करने की दी सलाह।

**हांसी।** फिजियोथेरैपिस्ट नरेश कुमार जांगड़ा ने कहा है कि आज के भागदौड़ के जीवन में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना छोड दिया है। इसी कारण लोग रोगों, खासकर मोटापा सहित अन्य बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगो को रोजाना व्यायाम व सैर करनी चाहिए। नरेश जांगडा हांसी एसडीएम आफिस में लगाए गए निशुल्क कैंप के दौरान कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुर्जग अस्थमा में टांगों, कमर दर्द, गर्दन दर्द जैसी समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सकों द्वारा बताई प्रैक्टिस करनी चाहिए। खुशी फिजियोथैरेपी सैंटर के संचालक डा. नरेश जांगडा द्वारा फिजियोथैरपी कैंप में 35 से अधिक लोगों का इलाज किया जिसमें हाथ दर्द, घुटने के दर्द, कमर दर्द, टांगो के दर्द का इलाज किया गया। इस दौरान हांसी के एसडीएम राकेश खोथ ने फिजियोथेरेपिस्ट नरेश जांगड़ा को सम्मानित किया। इस मौके पर डा. मोहित कुमार व अंकित कुमार ने अपनी सेवाएं दी।